वैदिक संस्कृति का चीरहरण

पंण्डित परन्तप प्रेमशंकर (सिद्धपुर)

भीष्मपितामह, महाभारत का एक उदार चरित पात्र हैं, तथापि द्रौपदी के चीरहरण पर मौन रहने के कारण, उनकी श्वेत एवं निर्मल प्रतिभा पर एक कलंक भारतीय इतिहास में आज भी अंकीत हैं। आज कई बहुश्रुत वक्ता हमारी सभ्यता एवं सांस्कृति को विकृत एवं कलंकित करने का दुःसाहस कर रहे है। हमारी परम्परायें पूर्णतया विज्ञान सम्पन्न है, जिसका आज विश्व के महावैज्ञानिक अनुसंधान कर रहे है, तब ऐसे धृणास्पद कार्य के लिए, विद्वानों की निष्क्रियता, ऐसे वक्ताओं की स्वच्छन्दता को खुल्ला दौर देती हैं। हमारी संस्कृतिका चीरहरण होनेपर, हमारा मौन या पलायनवाद, भी भीष्मपितामह के मौन जैसा ही माना जाएगा।

व्यासपीठ की एक मर्यादा होती है, व्यासपीठ धर्मशास्त्र के संरक्षण, संवर्धन एवं समर्थन के लिए हैं। परमात्माने जनसामान्य के कल्याण के लिए जो शब्दावतार लिया है, वही शास्त्र हैं। **अवतीर्णो जगन्नाथः शास्त्ररूपेण वै प्रभुः** (शाण्डिल्य स्मृ ४.११३), **श्रुतिस्मृती ममेवाज्ञ.** शास्त्र भगवान की आज्ञा है। पद्मपुराण **- वेदनिंदां प्रकुर्वन्ति ब्रह्मचारस्यकुत्सनम्। महापातकमेवापि ज्ञातव्यज्ञानपण्डितैः।। श्रुतिस्मृत्युक्तमाचारं यो न सेवते वैष्णव। स च पाखण्डमापन्नो** रौरवे नरके वसेत्।। **<u>वेदबाह्यव्रताचाराः श्रौतस्ममार्त्तबहिष्कृताः</u>। पाखण्डिन इति ख्याता** न **सम्भाष्यद्विजातिभिः** - लिंगपुराण पूर्वार्द्ध। **श्रुतिस्मतिभ्यां विहितो धर्म्मो वर्णभ्रमात्मकः** - लिंगपुराण, श्रुति-स्मृति-पुराण विहित कर्म (धर्म), सभी वर्णोमें भ्रम पैदा करता है और पतनगामी है। शास्त्र विरूद्धाचार या विधिहीन कर्म करनेवाले वक्ताओं के लिए पुराणों में **पाखण्डी** शब्दप्रयोग आता है, ऐसे सेंकडो प्रमाण पुराण-स्मृत्यादि में उपलब्ध है। ऐसे विधिविधान या शास्त्र की उपेक्षा करनवाले, स्वच्छन्दी वक्ताओं को धर्मद्रोही या धर्मद्वेषी कहे तो सर्वथा उचित ही है, वे सदैव त्याज्य एवं अधःपतित माने जाते है। ब्राह्मणोंका विरोध, कर्मकाण्डका विरोध, स्वच्छन्दतापूर्ण शास्त्रों का अर्थघटन इत्यादि बहुश्रुत वक्ताओं के लिए, एक गौरव एवं एक सस्ती प्रतिष्ठा का मार्ग बन गया है।

परमार्थाय शास्त्रीतम् सर्व प्रथम तो इन दोनों महापुरूषों को प्रार्थना करना चाहता हुं, जो श्रुति भी कहती हैं **शास्त्रज्ञोऽपि स्वातंत्रेण ब्रह्मज्ञानान्वेषणं न कुर्यात्** (मु.उप) वाक्सामर्थ्य होने का अर्थ ये नहीं है, आप कुछ भी बोले, कुछ भी आचरण करे और शास्त्र एवं बहुऋषि मत, विधि-विधानों का उपहास करे। **शास्त्रं तु अन्त्य प्रमाणम्** शास्त्र अंतिम प्रमाण है। शास्त्र स्वयं भगवान की आज्ञा है, **श्रुतिस्मृति ममैवाज्ञे, शास्त्रपूर्वके प्रयोगे अभ्युदयः** यथा शास्त्रोक्त विधान से ही परम श्रेयस् - कल्याण होता है। चलो पहले नक्की करे शास्त्र किसे कहते हैं।

धर्मशास्त्र किसे कहते है ? शास्त्र का प्रधानाधार में श्रुति-स्मृति मुख्य है । **पुराण न्याय मिमांसा धर्मशास्त्राङ्ग मिश्रिताः । वेदाः स्थानानि विद्यानां धर्मस्य चतुर्दश ।।** याज्ञ. स्मृति १.३ । लिंगपुराण – **श्रुतिस्मृतिभ्यांविहितो धर्म्मो वर्णाश्रमात्मकः** भगवान शंकराचार्यजी तो कहते है कि **वेदस्तादुपजीविस्मृतिपुराणादि च । श्रौतसूत्र में श्रुतियों में प्रतिपादित यज्ञीय विधानों का सूक्ष्म विवेचन किया गया है** । सर्व प्रथम **शब्दप्रमाण** में वेद आते है, फिर क्रमेण वेदांग न्याय, मिमांसा, पुराण, स्मृति, गृह्यसूत्र आते है । मीमांसा दर्शन, छः दर्शनों में से एक है । कर्म एवं ज्ञान का जिसमे पूर्ण विवरण है, वैसे दो दर्शन है । **पूर्वमीमांसा** और वेदान्त को **उत्तरमीमांसा** भी कहा जाता है । पूर्ममीमांसामें धर्मका विचार है और उत्तरमीमांसा में ब्रह्म का । पक्ष-प्रतिपक्ष को लेकर वेदवाक्यों के निर्णीत अर्थ के विचार का नाम मीमांसा है। उक्त विचार पूर्व परंपरा से चला आया है । आजसे प्राय: पाँच हजार तीनसौ वर्ष पूर्व, सामवेद के आचार्य कृष्णद्वैपायन के शिष्य ने उसे सूत्रबद्ध किया । **पुराणो पञ्चमो वेदः** पुराणों को पंचम वेद माना हैं । अथर्ववेद के अनुसार **ऋच: सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह** ११.७.२) अर्थात् पुराणों का आविर्भाव ऋक्, साम, यजुस् औद छन्द के साथ ही हुआ माना जाता है । **शतपथ** ब्राह्मणमें (१४.३.३.१३) तो **पुराणवाग्ङ्मय**को वेद ही कहा गया है, क्योंकि, वेदविज्ञानको अतिसरल रूपकोंमें पुराणोंमें प्रस्तुत किया गया है । बृहदारण्यकोपनिषद् तथा महाभारत में कहा गया है कि, **इतिहास पुराणाभ्यां वेदार्थमुपबृंहयेत्** अर्थात् वेदका अर्थविस्तार पुराणके द्वारा करना चाहिये । अब वेदांग में **छन्द: पादौ तु वेदस्य हस्तौ कल्पोथ पठ्यते ज्योतिषामयनं चक्षुर्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते । शिक्षा घ्राणं तु वेदस्य मुखं व्याकरणं स्मृतम् ।।** मनु- **यज्ञाध्ययनसंक्रान्तिश्राद्धषोडशकर्मणाम् । प्रयोजनं च विज्ञेयं तत्तत्कालविनिर्णयम् । वेदाः प्रणाणं स्मृत्योपराणि तर्कादि शास्त्राणितथा इतिहासाः । सत्याभिधं ज्योतिषशास्त्रमेतज्ज्ञानं समस्तानि समाश्रयन्ति । वैदिकैः कर्मभिः पुण्यैर्निषेकादिर्द्विजन्मनाम् । कार्यः शरीरसंस्कारः पावनः प्रेत्यचेह च ।।** वशिष्ठ **- क्रतुक्रियार्थं श्रुतयःप्रवृत्ताः कालाश्रयास्ते क्रतवो निरूक्ताः । शास्त्रादमुष्मात्किलकालबोधो, वेदाङ्गतामुख्यतरा प्रसिद्धा । छन्दःपादौ शब्दशास्त्रं च वक्त्रं कल्पःपाणी ज्योतिषं चक्षुषी च । शिक्षाघ्राणं श्रोत्रमुक्तं निरूक्तं वेदस्याङ्गान्याहुरेतनाषट्च । सर्वधर्ममयो मनु:- वेदार्थोपनिबद्धत्त्वात् प्राधान्यं हि मनोः स्मृतेः, यद् वै किञ्च मनुरवदत् तद् भेषजम् (तैत्तिरीय सं०२/२/१०/२), मनुं वैं यत् किञ्चावदत् तत् भेषज्यायै (ताण्ड्य-महाब्रा०२३/१६/१७)** उपरोक्त सभी धर्मशास्त्र में आते है, ऐसा सर्वस्विकृत पक्ष है । स्मृतियोंमें मनुस्मृति सर्वग्राह्य है । वाल्मिकी रामायण विश्वका प्रथम महाकाव्य एवं इतिहास माना जाता है । रघुवंश एवं राम चरित मानस का मूलाधार वाल्मिकी रामायण माना जाता है और मानस पूर्ण शास्त्र संगत होने के उपरान्त भी, शास्त्रार्थ ग्रंथ में उसकी गणना नहीं होती, यद्यपि कुछ प्रमाण मानस से भी लेंगे, क्योंकि, धर्मशास्त्र की भाषा संस्कृत है, कई वक्ता संस्कृत नहीं जानते है । शास्त्रार्थ ग्रंथोमें गृह्यसूत्रों, आगमग्रंथ सहित

धर्मसिंधु, निर्णयसिंधु, संस्कारभास्कर, वीरमित्रोदय, गौरवविलासादि ग्रंथो की भी गणना भी होती है।

भागवते - **स्थावरंविंशतिलक्ष, जलजंनवलक्षकं, कौर्मं च रूद्रलक्षस्यात्, दशलक्षं च पक्षीणाम् ।। त्रिंशल्लक्षं पशूनां च चतुर्लक्षं च वानरम् । ततो मनुष्यता प्राप्तिस्ततः कर्माणि साधयेत् ।। नृदेहमाद्यं सुलभं सुदुर्लभं प्लवं सुकल्पंगुरूकर्णधारम् । मयानुकूलेन नभस्वतेरितं पुमान्भावाब्धिं न तरेत्सात्महा ।। दुर्लभं त्रयमेवैतत् देवानुग्रहहेतुकम् ।मनुष्यत्वं मुमुक्षुत्वं महापुरुष संश्रयः ॥** श्रीमद्भादवतानुसार, २० लक्ष स्थावर (पर्वतादि), ९ लक्ष जलचर, ११ लक्ष कूर्मादि, १० लक्ष पक्षी, ३० लक्ष पशू, ४ लक्ष वानर, ८४ लक्ष योनि के पश्चात् मानव देह प्राप्त होता है। इसमें भी मनुष्यत्व, मुमुक्षत्व, और सत्पुरुषों का सहवास – ईश्वरानुग्रह करानेवाली ये तीन वस्तु मिलना, अति दुर्लभ है - विवेक चुडामणि। **मनुष्याः प्रतिपद्यन्ते स्वर्गं नरकमेव वा। नैवान्ये प्राणिनः केचित् सर्वं ते फलभोगिनः** - वि.ध.२.११३.४। अन्य योनियों में कर्मस्वातंत्र्य नहीं है, मात्र मानव में ही कर्मस्वातंत्र्य है, इस मानवजन्म में सत्कथा एवं सत्संग तथा तप,भक्ति व कर्म के माध्यम उर्ध्वगति सिद्ध हो सकती है। <u>कर्मकी जो नियत प्रणाली है, उसे कर्मकाण्ड कहते है</u>। अब उपरोक्त शास्त्राधार से ही, स्वेच्छाचारी वक्ताओं की, धर्मविरूद्ध चेष्टाओं का, खण्डन करेंगे। हम पूर्णनिष्ठा से कहते है, कि हमे, किसीसे व्यक्तिगत द्वेष नहीं है, हमारा उद्देश्य मात्र शास्त्रसेवा का ही है।

कर्मकाण्ड - सर्वप्रथम कर्मकाण्ड के पक्ष में लिखते है। कर्मकाण्ड पूर्णतया वेदसंमत है। **यजुष** शब्द का अर्थ है- यज्ञ। **यर्जुवेद को मूलतः कर्मकाण्ड का आधार ग्रन्थ माना है**। कर्मकाण्ड - भगवान् वेदनारायण के करकमल है। **कल्पो वेदविहितानां कर्मणमानुपूर्व्येण कल्पना शास्त्रम्** (ऋग्वेदप्रातिशाख्य की वर्गद्वयवृत्ति)। वेद प्रणीहितोपसना का विध-विधानका दर्शन कल्प में है। गौतमधर्मसूत्रेण स्पष्टं लिखितम् **- वेदो धर्ममूलम्, तद्विदां च स्मृतिशीले ।** आपस्तम्बानुसारमपि **धर्मस्य रक्षणेन मानवस्य भौतिकं पारलौकिकं च जीवनं रक्षितं भवति । धर्मविहीनं ततस्तं...आचारहीनस्य तु ब्राह्मणस्य वेदाःषडङ्गास्त्वखिलाः सयज्ञा**। मत्स्यपुराण - **<u>कर्मयोगं विनाज्ञानं कस्यचिन्नेह दृश्यते । श्रुतिस्मृत्युदितं धर्ममुपतिष्ठेत्प्रयत्नतः</u>**।। ऐसे कर्मकाण्ड के अनेक प्रमाण वेद, वेतान्त, स्मृति-पुराणादि मे हैं। इनका वैज्ञानिक एवं तार्कीक अभिगम गृह्यसूत्रोमें <u>विधिरूपेण</u> (कर्मकाण्ड) अंकित है। इनके रचनाकार भी वैदिककाल में ऋषिगण थे। **मनुस्मृति विरुद्धा या सा स्मृतिर्न प्रशस्यते ।। वेदार्थोपनिबद्धत्त्वात् प्राधान्यं हि मनोः स्मृतेः ।। तथाहि यद् वै किञ्चद् <u>मनुरवदत् तद् भेषजम्</u>** - तैत्तिरीय सं०२.२.१०.२। वाल्मिकी रामायण, बालकाण्ड में महाराज दशरथजी बोलते है **विधिहीनस्य यज्ञस्य कर्ता सद्य विनश्यति** विधि-विधान की उपेक्षा या त्यागकर, स्वच्छन्दतापूर्ण किए गए कार्य विनाशक होते है, इसलिए ही हमारे ऋषि परंपरा मे शास्त्रोक्त विधि-विधान की रचना हुई है। **न बुद्धिभेदं जनयेदज्ञानां कर्मसंगिनाम् । जोषयेत्सर्व कर्माणि विद्वान्युक्तः समाचरन् ।। गीता**

३.२६ । जनसामान्य की बुद्धि को भ्रष्ट करके, शास्त्र विरूद्धाचरण में उन्हे प्रवृत्त नहीं करना चाहिए । आप इसके पीछे के वैज्ञानिक मर्म को न समझे तो, स्वबुद्धि से अयुक्तार्थ नही करना चाहिए । जनसामान्य को शास्त्र मर्यादा से धर्मकार्य में प्रवृत्त करना चाहिए । कर्मकाण्ड की विधियोंका विरोध करनेवाले पूर्णतया अधूरे एवं पाखण्डी है, यह विश्वासपूर्वक हम सिद्ध कर सकते है, आप किसी भी विधि की बात कोई शास्त्रवेत्ता से जान सकते है ।

ब्राह्मणों की उपेक्षा **ब्राह्मणत्वस्य हि रक्षणेन रक्षितः स्याद् वैकिको धर्मः** श्रीमद् भागवतादि अनेक पुराण एवं स्मृतियों में ब्राह्मणद्वेष को अति निष्कृष्ट माना है । भगवान रामजी ने कहा है **- विप्रप्रसादाद्धरणीधरोहं**, रामचरित मानस में भगवान राम भी कहते हैं-**विप्र वंश करि यह प्रभुताई , ते नर प्रान समान मम, जिनके द्विज पद प्रेम, पुण्य एक जगमें नहीं दूजा, मन-क्रम-वचन विप्रपद पूजा**,रामचरित के कर्ता श्रीतुलसीदासजी विद्वान ब्राह्मण थे और धर्मशास्त्र के ज्ञाता थे और इसलिए कोई शास्त्ररहित बात ही नहीं लिखी । श्रीकृष्ण भागवत के दशमस्कंध में कहते है, **नन्वस्य ब्राह्मणा राजन्...कृष्णस्यजगदात्मज**.. । प्रमाण तो श्रुति से प्रारम्भ करके स्मृति पुराणो पर्यन्त सहस्रों मिलेंगे । **बंदउँ प्रथम महीसुर चरना** रामचरितमानस । ब्राह्मण ग्रंथो को देखिए.. यहां कुछ श्रुति प्रमाण देते है **- अहमेव स्वयमिदं वदामि जुष्टं देवेभिरुत मानुषेभिः । यं कामये तंतमुग्रं कृणोमि तं ब्राह्मणं तमृषिं तं सुमेधाम् -** ऋग्वेद ४.३०.४**, गायत्र्या ब्राह्मणं निरवर्तयत् त्रिष्टुभा राजन्यं जगत्या वैश्यम् -** अथर्ववेद - ७.४३.९ । **योनिमन्ये प्रपद्यन्ते शरीरत्वाय देहिनाम् । स्थाणुमन्येनुसंयन्ति यथाकर्म यथाश्रुतम् -** कठ.२.२.७ । कर्मानुसारेण जन्म प्रपद्यन्ते जीवाः - पुण्यकर्मभिः उत्तमं पापकर्मभिः नीचं जन्म, पुण्यपापमिश्रणात् मनुष्यजन्म च प्राप्यते । **तद्य इह रमणीयचरणा अभ्याशोह यते रमणीयां योनिमापद्योरन्ब्राह्मण योनिं वा क्षत्रिय योनिं वा वैश्ययोनिं वाथ ...** छांदो.उपनिषद ५.१०.७ । ये सब श्रुति प्रमाण समझने का सामर्थ्य, बहुश्रुत कथाकार या शिबिरोंवाले योगीके पास नहीं है । हमारा जन्म कौनसे कुल में होगा, कौन-सी योनि प्राप्त होगी, यह हमारे पूर्वजन्मकृत कर्मो के आधार पर ही निर्णित होता है, अगला जन्म इस जन्म के कर्माधीन है । **जीवः स्वकृत पुण्येन ब्रह्मवंश समुद्भवः -** गौडस्मृति । गीता में भगवान ने कहा है **शूचीनां श्रीमतां गेहे योगभ्रष्टोभिजायते** । अनेक शुभकर्म के संयोग से योगभ्रष्ट, उत्तम योनिमें जन्म लेता है । महाभारत में भी कहा है **- ब्राह्मण्यांब्राह्मणाज्जातो ब्राह्मणस्यान्न संशयः** ब्राह्मण एवं ब्राह्मणी के द्वारा उत्पन्न संतान ब्राह्मण ही है, उसमें कोई संशय नहीं । योग भी कहता है **सति मूले जात्यायुर्भोगाः** अनन्त जन्मोंके पुण्यार्जन से ब्राह्मणकुल में जन्म मिलता है । **तपः श्रुतञ्च योनिश्चेत्येतद् ब्राह्मणकारणम्** -महाभाष्य २/२/६ ।। यहां महाभाष्य एवं योग दोनों ने ही योनि-कुलको प्राधान्य दिया है । यथा ब्राह्मणोंकी उपेक्षा, वेद, स्मृति, पुराण एवं ऋषिवचनों की प्रत्यक्ष उपेक्षा ही है । वेदभाष्यों में इसका बहोत विवरण मिलता है । वर्णाश्रम में कुलकी महत्ता पर, प.पू. जगद्गुरू श्री निश्चलानंदजी, पुरी मठाधीश के अनेक विडियो एवं

शास्त्रमत उपलब्ध है, सेंकडो प्रमाण उपलब्ध है । इसी विषय पर मैंने (१) वर्णव्यवस्था (२) पुनर्जन्म नामक पूर्व दो लेख में विस्तृत चर्चा की है ।

कुछ लोग वर्णाश्रम की व्याख्या करते है **- चातुर्वर्ण्यं मया सृष्टं गुणकर्म विभागशः** मे केवल, कर्म के आधार पर ही वर्ण नक्की होता है, कितने मूर्ख है ये वक्ता । भगवान ने **गुण** शब्द प्रथम लगाया है । एक व्यक्ति दिवसमें चार प्रकार के कर्म करता है, प्रातः संध्यावंदन, देवतार्चन, स्वाध्यायादि करता है तो प्रातःकाल में ब्राह्मण, अपने परिवार की सुरक्षा के लिए कर्म करता है, तब क्षत्रिय, जब नोकरी, सेवा या व्यापार करता है, तब वैश्य, एवं अपनी पत्नि को, या माता को गृहकार्य में मदद करता है, तब शूद्र - ये तो वर्णशंकरत्व है । स्त्रीयां, जो घर में बरतन साफ करती है, झाडू लगाती है, वे क्या शूद्र ही रहेगी, बहुधा स्त्रीयोंको, अपने गृहस्थ कार्यों के कारण एक ही वर्णमें रखोगे ? भगवानने **गुण** शब्द वैसे ही नहीं लगाया, कि छन्द बैठ जाए । आगे १८ अध्याय में फिर से कहा है - **कर्माणि प्रविभक्तानि,** अब कर्मो का विभाजन किस आधार से भगवान करते है - **गुण** के । तब गुण क्या है ? स्वभाव क्या है ? संस्कार क्या है ? गुण को प्रकट होने के लिए आश्रय की जरूरत पडती है, जैसे सुगंध को प्रकट होने के लिए पुष्प, चन्दनादि होना आवश्यक है । गुण कैसे आश्रय पाते है, यह सब स्पष्टरूप से जाने बिना किया अर्थ अधूरा है । निश्चितरूप से धर्मशास्त्र की उपेक्षा करनेवाले यह नहीं समझ पाएंगे । मनुस्मृति में भी द्विजातीयों में उपनयन काल भिन्न-भिन्न है, इसका अर्थ वर्ण जन्म से ही पूर्व निश्चित होना चाहिए, क्योंकि जन्म के पूर्व जातक कोई कर्म इस संसार में करता ही नहीं । इसका वर्ण कौन होगा? वेदव्यासजी भी जाति प्राधान्य की बात करते हुए, अनुलाम-विलोमादि की बात श्रीमद्भागवत में करते है, जिसमें माता-पिता की कुल-जाति ही प्रधान होती है । **दोषैरेतैः कुलघ्नानां वर्णसङ्करकारकैः। उत्साद्यन्ते जातिधर्माः कुलधर्माश्च शाश्वताः** गीता १.४३ । इस श्लोकमें भगवानने जातिप्राधान्य एवं वर्णशंकरत्व की बात कहीं है, प्रायः यह रामदेवबाबा की समझ के बहार होगा । ये महानुभाव को बहोत सस्ती प्रतिष्ठा, राजनैतिकबल से प्राप्त हो गई है, वे धर्मशास्त्र में कुछ नहीं जानते, ऐसा प्रतीत होता है । आगे देखिए, मनु महाराज कहते है **दुःशीलोपि द्विजः पुज्यो, न तु शूद्रो जितेन्द्रिय** । यही बात रा.मा. में भी है **पूजिय** विप्र **सील गुन** हीना । **सूद्र न गुनगन (सकल) ग्यान प्रवीना ।।** वाचकवर्ग, कृपया इन प्रमाणों के आधार पर ही सही वक्ताओ के ज्ञान की सीमाका मूल्यांकर करें ।

<u>बाबा रामदेव द्वारा ज्योतिष, ब्राह्मण आदि का विरोध करना भी अत्याधम कार्य है</u> । एकदम जूठ पर आधारित उनकी टीवी सिरियल तो तत्काल बंद करनी पडी । उनकी तो भाषा भी शिष्ट नहीं है, बोलते है कि, **ब्राह्मणको मथ्था मारना**, लिंबु-मीरची बांधना, शनी पर तेल नहीं चडानना (इसके पीछे का तर्क-विज्ञान आप समर्थ की शरणागति से पा सकते है), इटली में

कोई तेल नहीं चडाता, तो उनको क्यों कुछ नहीं होता इत्यादि । आपकी दवाईयां नहीं लेनेवाले लोग भी स्वस्थ है, आपसे पहले हजारों वर्षो से भारत में योगायुर्वेद की परम्परा चल रही है । आप जब योग शिबिर करते है तो, प्रत्येक साधक के प्राणायाम की व्यक्तिगत समिक्षा करते है ? क्योंकि बहोत से साधक ठीक से प्राणायाम नहीं करते होंगे । **प्राणायामेन युक्तेन सर्वरोगक्षयो भवेत् । अयुक्ताभ्यासयोगेन सर्वरोगसमुद्भवः।। हिक्का श्वासश्च कासश्च शिरः कर्णाभिवेदनाः। भवन्ति विविधा रोगाः प्राणायाम व्यतिक्रमात् ।। अतः शास्त्रोक्त मार्गेण प्राणायामं समभ्यसेत्** । अनुचित योग या प्राणायाम पतनकारक बनता है, इससे श्वास, कफ, शिर्षदर्द, कानमें दुखना, फेंफडे खराब होना इत्यादि, योग एवं आयुर्वेद की बात जनसामान्य में कही है या नहीं । ब्राह्मण को मथ्था मारना बोलने से पहले ज्ञात होना चाहिए कि **<u>ऊरू का अर्थ जंघा होता है, पेट नहीं</u>,** दूसरी बात **ब्राह्मणोऽस्य मुखमासीत्** ब्राह्मण भगवान का मुखारविंद ही (आसीत्) है, मुख से उत्पन्न नहीं हुआ । यथा कहा जाता है कि **ब्राह्मणा यानि भाषन्ते मन्यते तानि देवता ।** हां, ये बात पूर्ण ब्राह्मणों के लिए ही है, **रतिर्विप्रस्य सूत्रत्वे** वाले केवल जनोईधारी ब्राह्मणो के लिए नहीं है । वैसे तो, आज साधु भी कहां साधु रहे है, व्यापारि ही बन गए है । बडी-बडी फेक्टरीयों के मालिक है, मिडिया की हर चेनल पर, अपनी प्रोडक्ट का टर्नओवर बढाने कि लिए मोडलिंग करते है । इनके पास तपोबल कहां है, तप करनेका समय ही नहीं है, वे तो शिबिरो, सभाओं, कथाओं में व्यस्त है । बीना एसी कार बहार नहीं निकलते ।

अनधिकृत मंत्रदीक्षा - हर किसीको व्यासपीठ से त्र्यम्बकम्, यातेरूद्र, गायत्री मंत्रादि नहीं रटा सकते । हरिनाम का संकीर्तन अवश्य करे । **क्रियाकरणहीनत्वात्कथं तेषां हि कर्तृता** जो मंत्र रटाते हो, उसके विषय में सुस्पष्ट होना आवश्यक हैं, **पुरूश्चरणहीनोपि तथा मन्त्रो न सिद्धिदः** उसका पुरूश्चरण स्वयं को पहले करना पडता है । **नानुष्ठानंविनावेद वेदनं पर्यस्यति ब्रह्म धीस्तवतैवस्यात्फलदेति परामाता** अनु.प्रकाश, श्रीविद्यारण्यस्वामि ने इसपर विशेष बात कही हैं, जो वेदमंत्र की आप दीक्षा देते हो, उसके लिए स्वयं दीक्षित हो और उसका अनुष्ठान करों । **व्रतेनदीक्षा**..यजुर्वेद । **अदीक्षिता ये कुर्वन्ति जपयज्ञ क्रमयादिका, न्यूनं निष्पलां यान्ति..** बीना दीक्षाके मंत्र विफल होते है, व्यर्थ परिश्रम है । मंत्र गुरूद्वारा प्राप्त होना आवश्यक है, वशिष्ठजी कहते है **गुरूम्बीना वृथोमंत्रः**। मंत्र के लिए, दिक्षा, गुरू, पुरश्चरण विधि, माला, जपसंख्या, विनियोगादिका विचार प्राथमिक है । बिना मंत्र के दिक्षा का उपदेश व्यर्थ है, क्योंकि **अथ शास्त्रीयं विधानं च शिक्षणीयम् ।जपो देवार्चन-विधिः, कार्यो दीक्षान्वितैर्नरैः** मन्त्र मुक्तावली, अतः सभी कार्य दीक्षा के उपरान्त ही उचित है । दीक्षा कौन दे सकता है - **श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम्** (मु.उप) केवल सद्गुरू और शक्तिपात भी **शक्तिपातानुसारेण शिष्योनुग्रह मर्हति** (शि.पु) योग्यताके आधारपर ही गुरू द्वारा होता है । **अनुग्रह प्रकारस्य क्रमोयमविवक्षतः** शि.पु.वा.सं.३.४। **आर्षच्छन्दश्चदैवत्यं विनियोगस्तथैव च । वेदितव्यः प्रयत्नेन ब्राह्मणेन विशेषतः -** व्यास. । **अविदित्वा ऋषिच्छन्दो देवतं योगमेव च । योध्यापयेद्याजयेद्वा**

पापीयान् जायते तु सः - याज्ञ. **इदं प्रधानं शेषोऽयं विनियोगक्रमस्त्वयम्** - वाक्यपदीय । **ऋषिच्छन्दो देवतं योगमेव च । योध्यापयेद्याजयेद्वा पापीयान् जायते तु सः** - याज्ञ. । **त्वमेव परमेशानि अस्याधिष्ठातृदेवता ।चतुर्वर्ग फलावात्यै विनियोगःप्रकीर्तितः** - ५.१४८ । **करणेषु तु संस्कारमारभन्ते पुनः पुनः । विनियोग विशेषांश्च प्रधानस्य प्रसिद्धये** ३,७.९२ ॥ **इदं प्रधानं शेषोऽयं विनियोगक्रमस्त्वयम्** - वाक्यपदीय । **ऋषिच्छन्दो देवतानां विन्यासेन विना,जप्यते साधितोऽयेष तुच्छ फलं भवेत् ।। न्यासंविनाजपं प्राहुरासुरं विफलंबुधाः । न्यासात्तदात्मको भूत्वा, देवोभूत्वा तु तंयजेत् ।। अकृत्वा विधिवन्न्यासान्नाचार्यामधिकारवान् । चैतन्यं सर्वभूतानां शब्दब्रह्मेति मे मतिः ।। ऋषिच्छन्दो देवतानां विन्यासेन विनाजप्यते साधितोऽयेष तुच्छ फलं भवेत् ।। जप संख्या तु कर्तव्या ना संख्यातं जपेत्सुधीः। न संख्याकारकस्यास्य सर्वंभवति निष्फलम्** ॥ अर्थात्, अंगिरा ऋषि के अनुसार**, असंख्या तु यज्जप्तं तत्सर्वं निष्फलं भवेत्** - तंत्र । अर्थात् मंत्र के ऋषि, माला-जपसंख्या, विनियोग, अनुष्ठान विधि, ऋषि, छन्द, देवता, उच्चारण प्रणाली इत्यादि, जो मंत्र देता है या रटाता है, उसको मालूम होना अत्यावश्यक होता है । मंत्र रटानेवालोने, क्या उक्त मंत्रानुष्ठान किया है, दीक्षा का अधिकारी है, मंत्र की अनुष्ठान प्रणाली, मंत्र के देवता, छन्द, ऋषि, कीलक, न्यास, विनियोगादि का ज्ञान है या नहीं ? उपरोक्त सभी शास्त्रप्रमाण संकेत देते है कि, यदी नहीं तो मंत्र का फल तो नही मिलता किन्तु हानी अवश्य हो सकती है । **विनियोग क्या है ?** जैसे दवाकी बोटलपर, दवाका नाम, बेच नं, एक्षपायरी डेट, डोझ, प्रयोग की पद्धति, कन्टेन्टादि लिखे रहते है, अब बीना लेबल की दवा, कोई डॉक्टर किसी दरदी को दे सकते है या एक ही दवा सभी दर्दीयों को दे सकते हैं? मंत्र भी औषधि है जो, मन, आत्मा को पुष्ट करती है इसके बहोत प्रमाण आगम ग्रंथो में उपलब्ध है या **मंत्रशक्ति एवं उपासना रहस्य** पुस्तकमे मैंन सविस्तर लिखा है । मंत्र, असर क्यों नही करते या विपरित फल क्यो देते है, इसका अंदाजा इससे आयेगा । क्या, ये मंत्रौषधी बीना परिक्षण हर किसीको दे सकते है? फिर मंत्रौषधि क्यों? औषध से लाभ ही होगा, यह जरूरी नहीं, अनधिकृत या अनावश्यक औषध विष समान होती है ।

कोई-कोई कथाकार को उपरोक्त बाते आवश्यक नहीं लगती और प्रमाण देते है - **उल्टा नाम जपे जग जाना । वाल्मीक भये ब्रह्म समाना** ।। इसका अर्थ करते है कि, कोई भी मन्त्र, कैसे भी जपो अच्छा ही है, कोई समस्या नहीं, शास्त्रोक्त विधि विधान की कोई आवश्यकता ही नहीं । जब ऐसा ही था, तो ऋषियों का इतना प्रयत्न व्यर्थ ही माना जाएगा । यह मन्त्रशास्त्र का आविष्कार निरर्थक ही हो गया क्या? प्रायः यजन में उपयुक्त मन्त्रों, जिस देवता या उपचार के लिए प्रयुक्त होता है, इसे ऋषियों ने तर्कयुक्त संगत किया है । मन्त्रोंकी शक्तियोंको ध्यानमें रखकर ऋषियोंने, उसे नियतस्थान पर, प्रयुक्त किरनेका निर्णय किया है - **यज्ञादौ कर्मण्यनेन मन्त्रेणेदं कर्म तत्त्कर्तव्यमित्येवं रूपेण यो मन्त्रान्करोति व्यवस्थापयति स मन्त्रकृत्** - यज्ञादि कर्मो मे किस मन्त्रसे, कौनसे कर्म करना चाहिए, ऐसी व्यवस्था आर्षदृष्टा ऋषियोंने की है । इसकी संगति मुण्डकोपनिषद में भी मिलती हैं - **तदेतत्सत्यं मन्त्रेषु करमाणि कवयो**

यान्यपश्यंस्तानि त्रेतायां बहुधा सन्ततानि । तान्यचरथ नियतं सत्यकामा एषःवःपन्थाः सुकृतस्य लोके ।। क्रान्तदर्शी ऋषियोंने जिस कर्मोका, जिस मन्त्रोंमें साक्षात्कार किया था, वही सत्य है । यहां त्रेतायां का अर्थ उपरोक्त तीन प्रकारकी ऋचा-मंत्रो को कवयः मन्त्रेषु यानि कर्माणि अपश्यन् अतः मन्त्रोकी सार्थकता जहां उचित लगी वहां प्रयुक्त करनेका आदेश दिया । भक्तिकी बात नहीं है, भजन-संकीर्तन, तो मात्र हरिनाम या रामनामसे कर सकते है, वे सिद्धमंत्र ही है, यद्यपि, गायत्रीमंत्र, जातेरूद्र, त्र्यंबकम् इत्यादि आप वैसे ही, बीना अधिकार हर किसीको, नहीं किसी को दे सकते या पीठ-मंच से नही रटा सकते ।

उपासना या यजन में कौन से मन्त्र, कब और कैसे प्रयुक्त करना है, इसका पूरा विधिविधान कर्मकाण्डमें है, मन्त्रों का विशेष प्रयोग, तो शिवपुराण, अग्नि पुराणादि में भी बताए है । किस देवताको कौनसे मन्त्रसे (लिंगमन्त्र) अर्चनादि होगा, जैसे कि, **आकृष्णेनइमंदेवा अग्निमूर्धा दिवःककुत् । उद्बुध्यस्वेति च ऋचो यथासंख्यं प्रकीर्तिता । बृहस्पतेऽयतिअदर्यस्तथै वान्नात्परिस्रुतः, शन्नोदेवीस्तथा काण्डात्केतुं कृण्वन्निमास्तथा ।।** याज्ञ. १ । ३००-३०१ ।। **यज्ञादौ कर्मण्यनेन मन्त्रेणेदं कर्म तत्कर्तव्यमित्येवं रूपेण यो मन्त्रान्करोति व्यवस्थापयति -** मन्त्रों की शक्ति के संदर्भ में, यज्ञादि कर्मोमें कौनसे मन्त्रसे कौनसा कर्म को करना चाहिए, ऐसी जो व्यवस्था ऋषियोने की है, यथा वे उन मन्त्रों के दृष्टा बने । कर्मके प्रकार-विधि-फलादि कर्मकाण्डान्तर्गत है ।

इसका पूरा वैज्ञानिक अभिगम के लिए हाल ही में मैने एक पुस्तक प्रकाशित की है **- मंत्रशक्ति एवं उपासना रहस्य** जिसमें प्रचुरमात्रा में प्रमाण उपलब्ध है और प.पू.जगद्गुरु शंकराचार्य श्री स्वरूपानन्दजी (बदरि-शारदा, उभयपीठाधिश), पु. जगद्गुरू श्री श्रीवद्याभिनव श्री कृष्णानन्दतीर्थजी, श्री डह्याभाई शास्त्री(नडीयाद), श्री मधुसुदन शास्त्री(कर्णाटक), डॉ. मनीषा गजरे इत्यादि विद्वानों के अभिप्राय भी है । उसका युआरएल इस लेख के अंतमें दिया है, जो आप पढ सकते है, पुस्तक भी मंगवा सकते है । इसके पूर्व भी, एक **धर्मशास्त्र पर आक्रमण** नामक लेखमें विधि, निषेध, बलि इत्यादि विषयों पर सतर्क वैज्ञानिक अभिगम प्रस्तुत किए थे(अंदाजेसे २००४ में)। हमारे अन्य पुस्तकोंमें, पु.श्री कृष्णशंकर शास्त्रीजी (शोलाविद्यापीठ), प.पू. जगद्गुरू शंकराचार्य श्री जयेन्द्रतीर्थजी महाराज(कांची) तथा अनेक विद्वज्जनों के मंतव्य-आशिष संलग्न किया था ।

ज्योतिष की उपेक्षा - अब बात करेंगे ज्योतिष, वास्तु एवं श्राद्ध के प्रमाणों की । सर्व प्रथम हम ज्योतिष की बात करेंगे । श्री रामदेवजी एवं श्री मोरारिबापु कहते है कि, हम ज्योतिष, वास्तु को नहीं मानते और यह हमारा अंगत मत है । यदि आपका अंगत मत है तो, कृपया आप तक ही उसे सिमीत रखें । क्या आप अपनी सभी अंगत बाते जनसामान्य को बताते है ? यदि आप किसी ज्योतिषी या वास्तुशास्त्री के बारे में बोलते तो, कोई आपत्ति नहीं थी, क्योंकि

आपको किसीका खराब अनुभव हो सकता है । आप पूरे शास्त्रकी उपेक्षा करते है, वह अक्षम्य है । आप जो नहीं करते हैं या जो नही मानते वो सिद्धान्त नहीं या सिद्ध नहीं बन सकता, ये तो आपका उस विषयका अज्ञान है । आप तो रोजा भी नहीं रखते होंगे, नमाज भी नहीं पढते होंगे, अठ्ठईतप भी नहीं करते होंगे, चर्च में रविवारको जाकर प्रेयर भी नहीं करते होंगे, इसका, कतई ये अर्थ नहीं होता कि, आप जो नहीं मानते वह असत्य है । अब हम आपको कुछ शास्त्रमत बताते हैं, कृपया ऐसा नहीं बोलना कि श्रुति, ब्राह्मणग्रंथ, गृह्यसूत्र, स्मृति, पुराण, रामायण या महाभारत जैसे इतिहास भी गलत हैं, क्योंकि यहीं शास्त्राधार है । **ज्योतिषामयनं चक्षु**र्निरुक्तं श्रोत्रमुच्यते । ज्योतिष भगवान वेदनारायण के नेत्र है - वेदांग है ।

वैसे तो अनगिनत प्रमाण है, यद्यपि, सर्वप्रथम हम श्रुति से प्रारम्भ करके पुराणों पर्यन्त के कुछ प्रमाण आपको देंगे । वेदांगज्योतिष कालविज्ञापक शास्त्र है । माना जाता है कि, ठीक तिथि नक्षत्रपर किये गये यज्ञादि कार्य फल देते हैं । कहा गया है कि **वेदा हि यज्ञार्थमभिप्रवृत्ताः कालानुपूर्वा विहिताश्च यज्ञाः। तस्मादिदं कालविधानशास्त्रं यो ज्येतिषं वेद स वेद यज्ञान् ॥** (आर्चज्यौतिषम् ३६, याजुषज्योतिषम् ३)। चारो वेदों मे, पृथक्-पृथक् ज्योतिषशास्त्र थे । (१) ऋग्वेद का ज्यौतिष शास्त्र - **आर्चज्योतिषम्** : इसमें ३६ पद्य हैं (२) यजुर्वेद का ज्यौतिषशास्त्र, **याजुषज्योतिषम्** इसमें ४४ पद्य हैं (३) अथर्ववेद ज्यौतिषशास्त्र - **आथर्वणज्योतिषम्** इसमें १६२ पद्य हैं। इनमें ऋक् और यजुः ज्योतिषोंके प्रणेता लगध नामक आचार्य हैं, ग्रहलाघव नामक ग्रंथ से ग्रहोकी गति-उदयास्त, ग्रहण-वेधादि का ज्ञान होता है, जिसका रचना काल १५०० से २००० ई.स. पूर्वका माना जाता हैं । अर्वाचीन भौतिकविज्ञान या दूरबीन का जन्म नहीं हुआ था । यजुर्वेदके ज्योतिष के चार संस्कृत भाष्य तथा व्याख्या भी प्राप्त होते हैं । ज्योतिषशास्त्र के तीन स्कन्ध माने गए- **सिद्धान्त, संहिता और होरा । पञ्चाङ्गस्यफलं श्रुत्वा गङ्गास्नान फलं लभेत् ।।तिथिर्वारो तथा विष्णु, नक्षत्रं विष्णुमेव च । योगश्च करणश्चैव सर्वं विष्णुमयं जगत् ।। तिथिवारं च नक्षत्रं योग: करणमेव च । यत्रैतत्पञ्चकं स्पष्टं पञ्चांङ्गं तन्निगद्यते।। जानातिकाले पञ्चाङ्गंतस्यपापं न विद्यते । तिथेस्तुश्रियमाप्नोति वारादायुष्य वर्धनम् ।। नक्षत्राद्धरते पापं योगाद्रोग निवारणम् । करणात्कार्यसिद्धि: स्यात्पञ्चाङ्ग फल मुच्यते ।। मासपक्षतिथीनाञ्च निमित्तानांचसर्वशः । उल्लेखनमकुर्वाणो न तस्यफलभाग्भवेत् ।।** तिथि, वार, करण, मास, योग सब परमात्मा के स्वरूप ही है और उनके श्रवणमात्र से गंगास्नान का फल मिलता है । ये सब प्रमाण सिद्ध करते है कि वेदांग है, उसकी उत्पत्ति वेद से ही है । बहोत सारी ऋचाए वेदमें उपलब्ध प्राप्य है । हजारो वर्षो से, जब एस्ट्रोनोमिका इतना विकास नहीं था, तबसे, हमारा ज्योतिषाधारित पञ्चांग हमें ग्रहो की गतिविधिया, उदयास्त, वक्रातिचारादि प्रमाणिक रूपसे बताते है ।

हमने तो, पूरे ब्रह्माण्डको परमात्माका एक परिवार माना है, हमने दिव्य ग्रहों से संबंध बनाया है, जैसे कि, सूरजदादा, धरतीमाता, चांदामामा इत्यादि । ग्रहों की दिव्य चेतना पूरे संसारको प्रभावित करती है इसमें कोई संदेह नहीं है, अपितु, जिसकी प्रज्ञा, ये समझनेकी क्षमता न रखती हो, उसे शास्त्र क्या कर सकते है **यस्य नास्ति स्वयं प्रज्ञा शास्त्रस्तं किं करिष्यति** । सभी पुराणों में ज्योतिष के अध्याय है । प्रमुखतया श्रीमद्भागवत, शिवपुराण, भविष्यपुराण, अग्निपुराण, पद्मपुराण एवं अनेक स्मृतियों में एवं अनेक ऋषियोंके स्वतंत्र ग्रंथ भी है, जिसमें भृगु, वशिष्ट, वहाहमिहीर, अत्रि, परशुरामजी काअनुपम योगदान है । सभी ऐसे वक्ताओ से प्रार्थना है कि, कृपया ये मत कहना कि, पुराण, वेद, स्मृतिया गलत है । अब एक पूर्ण शास्त्राधारित तर्क बताते है, पूरे ब्रह्माण्ड की रचना पंचमहाभूतों से मानी है, पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश । जब हम तेज की बात करते है तब सभी ग्रहों के रश्मिबल हम तक पहूंचते है । ग्रहों की चाल के कारण ही, ग्रहण, भूचाल, ऋतुए होती है । हर समय यह रश्मिबल एक-सा नहीं होता, यथा प्रत्येक जातक में उसकी भिन्न-भिन्न असर पडकी है । जीवमात्र, वनस्पति से लेकर प्राणीमात्र, उसकी असर से प्रभावित रहते है । एक ही सूर्य की किरण से क्लोरोफिल, अल्ट्रावायोलेटादि सात शक्तियां स्वीकारी है । अन्य ग्रहोकी भी ऐसी ही असर होती है । हम आपको सेंकडो प्रमाण दे सकते है, आपके व्यक्तिगत अभिप्राय को स्वयं तक मर्यादित रखें और आपका जो, विषय ही नहीं, इसमें छेडछानी न करके, जनसामान्य को भ्रमित न करें ।

एक अति सरल बात करते है, आज से २००-३०० वर्ष पूर्व, ग्रहो की गति, उदयास्त, मार्गी, वक्री, अतिचारी, वेधादि कैसे जानते थे? यही तो विश्वका सर्व प्रथम विज्ञान है, जिसका, विश्व के माने हुए विज्ञानी ज्योतिषके, वैज्ञानिक आधारों की सराहना करते है, इस आविष्कार को अनुसंधान का विषय बताते है, तब हमारे यहां कुछ महामूर्ख, इसकी उपेक्षा करते हैं । अच्छे वक्ता बननेका अर्थ यह कदापि नहीं होताकि, हम पूर्ण है । हर छोटी-छोटी क्रियाओं में विज्ञान है । मर्यादित मेधाशक्तिमें, जो सत्य समझ में न आए, उसे अंधश्रद्धा है ऐसा कहने से पूर्व, समर्थ विद्वानोकी शरणमें, गुरूपसदन करना चाहिए । ज्योतिषीकी उपेक्षा सहनीय है, किन्तु ज्योतिषशास्त्र को हम नहीं मानते, ऐसा कहनेवाले पूर्णरूप से अज्ञानी एवं पाखण्डी है, ये भृगु, पराशर, परशुराम, वशिष्टका क् अनुपम प्रयास के प्रति अक्षम्य अपमान है ।

वास्तु की उपेक्षा - अब बात करेंगे वास्तु की । वैसे वास्तुमें, मेरा पूरा अभ्यास नहीं है, यद्यपि उक्त बहुश्रुत वक्ताओं जितना खाली भी नहीं हुं । वास्तु वेदकालीन है एवं उसकी उत्पत्ति भी वेदोंसे ही मानी गई है । वैदिकग्रथोंमें ऋग्वेद ऐसा प्रथम ग्रंथ है, जिसमें धार्मिक व आवासीय वास्तुकी रचना का वर्णन मिलता है। यद्यपि पूर्व वैदिक काल में वास्तु का उपयोग विशेष रूप से यज्ञ वेदियों की रचना व यज्ञशाला के निर्माण आदि में होता रहा है, किन्तु धीरे-धीरे इसका उपयोग देव प्रतिमाओं व देवालयोंके निर्माण व भवन निर्माण में होने लगा । अथर्ववेदका

उपवेद स्थापत्य ही आगे चलकर वास्तु या शिल्प शास्त्र के नाम से प्रसिद्ध हुआ । वास्तु के, यजुर्वेद में लगभग ४५ मंत्र एवं अथर्ववेद में १६५ से ज्यादा मंत्र है । प्राचीन वास्तुग्रन्थ **स्थापत्यवेद** भी अथर्ववेद से लिया गया है जिसमें, वास्तु से सम्बंधित ज्ञान संकलित हैं ।

वास्तुके लिए प्राचीन ग्रंथोंमे विश्वकर्मीयशिल्प, कश्यपशिल्प, शिल्प-संग्रह, मयमत, मानसार, सनत्कुमार-वास्तु, चित्रलक्षण, अगत्स्यसकलाधिकार, शिल्परत्न, समरांगण सूत्रधार, सूत्रधार मण्डन, वास्तु प्रदीप, वास्तु रत्नावली,पुराणों मे मत्स्य, अग्नि, भविष्य, किरणतन्त्र, बृहत्संहिता, हयशीर्ष-पंटरात्र, विष्णुधर्मोत्तर पुराण, हेमाद्रा, विश्वकर्माप्रकाश इत्यादि है । पुराणों मे वास्तु उत्पत्ति एवं वर्णन कई स्थान पर है । वास्तु में सविशेष मैं नहीं, लिखते, यद्यपि उपरोक्त दोनों वक्ता के मत को पूर्णतया अशास्त्रीय सिद्ध कर सकते है ।

